# खेल जगत



इस बेहद ताकतवर तस्वीर के जरिए दिया गया संदेश अच्छी तरह बताता है कि हमारा देश ऐसा है। भारत सरकार ने नारी शक्ति का प्रदर्शन किया जिसके लिए सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद थीं। - सानिया मिर्जा

भारतीय टेनिस खिलाड़ी, ऑपरेशन सिंदूर पर रिएक्शन देते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — यशस्वी जायसवाल



**टीम** इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने एक महीने पहले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मांगकर गोवा से घरेलू क्रिकेट खेल की योजना बनाई थी। लेकिन अब 23 वर्षीय इस युवा खिलाड़ी ने अपने फैसले से यू-टर्न ले लिया है। जायसवाल ने एमसीए को एक ईमेल लिखकर अपनी एनओसी वापस लेने का अनुरोध किया है और कहा है कि वह आगामी घरेलू सीजन में मुंबई सीजन में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने लिखा कि, मैं आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि मेरे द्वारा ली गई एनओसी को वापस लेने पर विचार करें।

**क्या आप जानते हैं ?...** कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीन आईपीएल खिताब जीते, 2012, 2014 और 2024।

## आईपीएल 2025 के शेष मैचों को तत्काल प्रभाव से 1 सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय : सैकिया





मुम्बई, 9 मई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिये स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार अपराह्न जारी एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने सभी प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श के बाद आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। सैकिया ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक आकलन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जायेगी। लखनऊ से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज वहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाले मैच की टिकटों के पैसे लौटाये जा रहे हैं और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिये गये हैं। सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। इससे पहले गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को रद्द कर दिया गया था। मैच के बाद आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा था कि बोर्ड स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुये है और कोई भी आखिरी फैसला केंद्र सरकार के परामर्श से ही लिया जायेगा। आईपीएल 2025 में अभी तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में मैच रद्द होना भी शामिल है। ग्रुप चरण में 12 मैच खेले जाने शेष हैं।

## कोलकाता और जयपुर के बाद दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की मिली धमकी



नई दिल्ली, 9 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल को स्थागित करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने ये फैसला देश औरखिलाड़ियों की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखते हुए लिया है।

इस बीच दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ को एक धमकी भरा मेल मिला है।इस मेल में राष्ट्रीय राजधानी स्थिति ऐतिहासिक अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने इस बात की जानकारी दी। ये मैदान आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स का घरेलू मैदान है। यहां 11 मई को दिल्ली और गुजरात टाइटंस के बीच मैच होना था।डीडीसीए ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। आईएएनएन के मुताबिक डीडीसीए को आए मेल में लिखा है कि, आपके स्टेडियम में बॉम्ब ब्लास्ट होगा। हमारे पास भारत में पाकिस्तान स्लीपर सेल है जो इस समय काफी एक्टिव है। ये ब्लास्ट हमारे लिए ऑपरेशन सिंदूर का बदला होगा।ये पहली बार नहीं है जब किसी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसी आईपीएल के दौरान कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। इसके अलावा जयपुर के सवाई मानसिंह और गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को भी उड़ाने की धमकी मिली थी।

## राजस्थान के अंडर-23 के तेज गेंदबाज अशोक का एनसीए प्रशिक्षण शिविर में चयन



जयपुर 9 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान के युवा तेज गेंदबाज अशोक शर्मा का चयन बीसीसीआई जूनियर चयन कमेटी ने आगामी 26 मई से 14 जून 2025 के दौरान बेंगलोरएनसीएके अंडर 23 हाई परफॉरमेंस कैम्प ( सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स ) प्रशिक्षण शिविर के लिए किया है। बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलुक्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओरअधिक सुदृढ़ करने हेतु के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों परएनसीएसेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है।राष्ट्रिय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्य के युवा अंडर 23 खिलाड़ी अशोक शर्माको राजस्थान क्रिकेट संघ ने 25 मार्च 2025 को अंडर 23 आयु वर्ग में आरसीए एप्रिशियेशन अवार्ड देकर सम्मानित किया था।

## अंडर-16 और 19 की भारतीय बॉलीवाल टीम की ट्रायल आज साई सेंटर बैंगलोर में

जयपुर, 9 मई। अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी लवमीत कटारिया भी होंगे चयनकर्ता, साईं सेंटर बैंगलोर मै 10 मई से 11 मई तक बंगलौर साईं सेंटर में भारतीय वॉलीबॉल की सलेक्शन ट्रायल रखी गई है भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन की एडहॉक कमेटी के चेयरमैन श्री रोहित राजपाल और एडहॉक कमेटी की सदस्य अलख नंदा अशोक ने चयन ट्रायल के लिए 7 सदस्य कमेटी का गठान किया है जिसमें राजस्थान के लवमीत कटारिया को चयन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है लवमीत को सीनियर भारतीय वॉलीबॉल टीम की सलेक्शन ट्रायल में भी रखा गया था। लवमीत के चयन पर अर्जुन अवॉर्डी सुरेश मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी अशोक आसोपा, अंतर्राष्ट्रीय कोच जयनारायण चौधरी, पूर्व राजस्थान वॉलीबॉल के सचिव राजेंद्र जानू, गोपाला राम अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी आदि ने बधाई देकर लवमीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पोस्टल क्रिकेट क्लब इंडिया पोस्ट ने नील कमल क्रिकेट क्लब को हराया



जयपुर, 9 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के पूल डी के मैच में पोस्टल क्रिकेट क्लब इंडिया पोस्ट (पी टी) ने नील कमल क्रिकेट क्लब को 41 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर पोस्टल क्रिकेट क्लब इण्डिया पोस्ट (पी टी) ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सौरभ चौहान के 10 रन, अजीम अख्तर के 21 रन, भैरा राम के 29 रन, चंद्र पाल सिंह के 73 रन नाबाद व रवि शर्मा के 20 रन नाबाद से 20 ओवर में 5 विकेट पर 178 रन बनाए। नील कमल क्रिकेट क्लब के लिए रौनक कुमावत ने 28 पर 2, गौरव वर्मा, दीपक शर्मा व आरव माथुर ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में नील कमल क्रिकेट क्लब ने अमन शेखावत के 23 रन, दर्शील के 31 रन, पुनीत शर्मा के 42 रन व अमन खोड़ा के 16 रनों से 18.5 ओवर में 137 रन बनाकर आउट हो गई। पोस्टल क्रिकेट क्लब इंडिया पोस्ट के लिए रजत छप्परवाल ने 11 पर 3, रवि शर्मा ने 27 पर 2, भैरा राम ने 35 पर 2, अभिमन्यु सिंह व चंद्र पाल सिंह ने एक – एक विकेट लिया।

## रोशन सारण के ऑलराउंड प्रदर्शन से नारायणा स्पोर्ट्स एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 9 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सेण्डफोल्ड क्रिकेट ग्राउण्ड कालवाड़ रोड़ पर खेले गये पूल-ई के मैच में रोशन सारण 31 रन व 9 रन पर 4 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदोलत नारायणा स्पोर्टस एकेडमी ने कोडाई स्पोर्टस एकेडमी को 105 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। आज टॉस जीतकर नारायण स्पोर्टस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रोशन सारण 31 रन, गुलशन जांगिड़ 28 रन, नवीन बूरी 27 रन नाबाद, विकास जाट 17 रन, साहिल सिंह 13 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 199 रन बनाये, गेन्दबाजी में कोडाई स्पोर्टस एकेडमी की ओर से नेतिक अग्रवाल 29 रन पर 2 विकेट, हर्षित सिंह 30 रन पर 2 विकेट, दीपक कुमार 31 रन पर 2 विकेट, देवी लाल 35 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेन्दबाज रहें। 200 रन के विजय लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी कोडाई स्पोर्टस की ओर से भावेश कावट 34 रन नाबाद सुमित मीणा 18 रन, गुणवंश निर्वाण 13 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नारायणा स्पोर्टस एकेडमी के गेन्दबाजों रोशन सारण 9 रन पर 4 विकेट, सोम्य शेखावत 1 रन पर 2 विकेट, तथा मनीष गुर्जर गुलशन जागिड व साहिल सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट के समक्ष नहीं टीक सके और पुरी टीम 18.4 ओवर में 94 रन बनाकर सिमट गई। मैन ऑफ दा मैच रोशन सारण नारायण स्पोर्टस एकेडमी रहे।

## हेमू अधिकारी वो भारतीय क्रिकेटर जिसने युद्ध लड़ने के लिए छोड़ दिया अपना क्रिकेट डेब्यू



जयपुर, 9 मई। पिछले 75 सालों से पाकिस्तान ने किसी ना किसी कारण से भारत को परेशान किया है। पड़ोसी मुल्क की ओर से किए गए लगातार आतंकी हमलों से भारत की जमीन कई बार दहली है। दोनों देशों के बीच तीन युद्ध भी हुए। जहां भारत की विजय हुई जबकि पाकिस्तान को तीनों बार मुंह की खानी पड़ी।

पिछले कुछ दिनों से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इंडियन फोर्स ने सरहद पार से हुए कई हमलों को नाकाम किया है। इस कारण दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग आईपीएल का 18वां सीजन बीच में ही स्थगित करना पड़ा। सरहद पर भारतीय जवान दुष्मनों से देश की रक्षा करते हैं जबकि क्रिकेटर्स क्रिकेट के मैदान पर विपक्षी टीमों को हराकर देश का नाम रोशन करते हैं। लेकिन अब हम आपको अपनी इस रिपोर्ट में एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसने युद्ध लड़ने के लिए अपना क्रिकेट डेब्यू ही छोड़ दिया। यहां जिस खिलाड़ी की बात हो रही है, उनका नाम हेमू अधिकारी था।

जिनका साल 2003 में निधन हो गया था। उन्होंने अपने करियर में 21 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 872 रन बनाए थे। बल्लेबाजी करते हुए उनके बल्ले से एक शतक और 4 फिफ्टी निकलीं। हेमू दाएं हाथ से लेग स्पिन गेंदबाजी भी किया करते थे और अपने छोटे से बॉलिंग करियर में उन्होंने 3 विकेट भी लिए।ये बात हैं 1940 के दशक की, जब दूसरे वर्ल्ड कप के शुरू होने से पहले ही हेमू अधिकारी क्रिकेट जगत में अच्छी पहचान बना चुके थे। लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट डेब्यू करने की बात आई तो उन्होंने इस सुनहरे मौके को छोड़ भारतीय आर्मी के साथ जुड़ कर देश सेवा को सर्वोपरि माना था। बता दें कि, साल 1947 में उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित किया गया था।

हेमू अधिकारी ने 1947 ने 1947 में अपना डेब्यू किया था और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार डेब्यू के बावजूद उन्होंने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देनी जारी रखी थीं। वो पाकिस्तान के खिलाफ भी एक यादगार पारी खेल चुके हैं। 1952 में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में नाबाद 81 रन बनाए और 10वें विकेट के लिए गुलाम अहमद के साथ रिकॉर्ड 109 रनों की पार्टनरशिप की थी।

## ट्राइऑन का हरफनमौला प्रदर्शन, दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने श्रीलंका को 76 रनों से हराया

कोलंबो, 9 मई। क्लोई ट्राइऑन (74 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और एनेरी डर्कसेन (104) की शतकीय पारी के दम दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के छठे मुकाबले में श्रीलंका को 76 रनों से हराया। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और विष्मी गुणारत्ने की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े।

10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने हसिनी परेरा (30) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्राइऑन ने 14वें ओवर में विष्मी गुणारत्ने (24) को भी अपना शिकार बना लिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजी टिक नहीं खेल सके। हर्षिता समाराविक्रमा (33) को एस नायडू ने आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) और मानुदी ननायक्करा (13) रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक (52)रनों की पारी खेली। आखिरी तीन बल्लेबाजों और देवमी विहंगा (16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। इन तीनों बल्लेबाजों को क्लोई ट्राइऑन ने आउट किया। श्रीलंका का आखिरी विकेट इनोशी प्रियदर्शिनी (शून्य) रनआउट के रूप गिरा। अनुष्का संजीवनी 32 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 42.5 ओवर में 239 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 76 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला से सम्मानजक विदाई हुई।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्लोई ट्राइऑन ने आठ ओवर में 34 रन देकर पांच विकेट लिये। अयाबोंगा खाका को दो विकेट मिले। सेशनी नायडू और मियां स्मिट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। देवमी विहंगा ने 14वें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (38) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद देवमी विहंगा ने 16वें ओवर में लॉरा वुलफार्ट (33) को भी आउकर पवेलियन भेज दिया।

मियान स्मिट (आठ), लारा गुडॉल (दो) और सिनालो जाफ्टा (शून्य) को भी देवमी विहंगा आउट किया। नोंदुमिसो शांगसे (18) को चामरी अटापट्टू ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद एनेरी डर्कसेन और क्लोई ट्राइऑन की जोड़ी ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी की। मनुडी नानायक्कारा ने एनेरी डर्कसेन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। एनेरी डर्कसेन ने 84 गेंदों में नौ चौके और पांच छक्के लगाते हुए (104) रनों की पारी खेली।

## दर्शकों को लौटाए जा रहे टिकट के पैसे

लखनऊ, 9 मई। आईपीएल 2025 एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसके चलते 9 मई को लखनऊ में होने वाला आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स का मैच भी स्थगित हो गया है। इसके बाद आरसीबी और एलएसजी मैच के टिकटों के पैसे लौटाए जा रहे हैं। लखनऊ से मिली जानकारी के मुताबिक आज और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है।ता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण आईपीएल को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है। ऐसे में राष्ट्रिहत सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक हफ्ते के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

## विराट-रोहित ने बढ़ाया भारतीय सेना का मनोबल

नई दिल्ली, 9 मई। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आखिरकार पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय आर्मी के लिए पोस्ट किया। भारत के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की तरफ से भारतीय शहरों को ड्रोन से निशाना बनाने की नाकाम कोशिशों से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। दरअसल, विराट कोहली ने पोस्ट करते हुए लिखा कि, हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के सात एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। वहीं रोहित शर्मा ने भी भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने लोगों को फेक न्यूज से बचने के लिए भी चेताया।

## तीरंदाजी विश्व कप 2 : कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्लेऑफ में, दीपिका और सालुंखे सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 9 मई। भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई। मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए।

अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे। वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा।

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 सेमात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

## यूएई देगा पाक को झटका, पीएसएल को लेकर ठुकराएगा पीसीबी की मांग

नई दिल्ली, 9 मई। पाकिस्तान को भारत पर हमला करना भारी पड़ता दिख रहा है। वैश्विक स्तर पर उसकी जमकर आलोचना हो रही है। जिस कारण वह चारों तरफ से घिर गया है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी इसकी सजा मिल रही है। पीसीबी ने अपनी पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच दूसरे देश में कराने की इच्छा पर पानी फिर गया।पीसीबी की कोशिश थी कि वह पीएसएल के बाकी बचे मैच संयुक्त अरब अमीरत में कराए, लेकिन उसकी इस खाहिश पर पानी फिरता दिख रहा है। क्योंकि अमीरात क्रिकेट बोर्ड उसकी इस अपील को खारिज कर सकता है। इसका कारण भारत और पाकिस्तान के बीच हो रहा युद्ध है।

**पीसीबी को लगेगा झटका :** यूएई पीसीबी की पीएसएल मैच अपने यहां कराने की अपील को खारीज कर सकता है। पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि ईसीबी ने इस तरह के संकेत दिए हैं कि बोर्ड पीसीबी की अपील को खारिज कर सकता है। हालांकि,पीसीबी ने पहले ही ये ऐलान कर दिया है कि पीएसएल के बाकी मैच यूएई में होंगे लेकिन उसे झटका लगता दिख रहा है।

## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2027 की मेजबानी कर सकता है भारत, बीसीसीआई लगाएगा बोली

नई दिल्ली, 9 मई। अब तक दोनों वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल इंग्लैंड में खेले गए हैं, वहीं 2025 का फाइनल इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। कई बार इस विषय पर सवाल भी उठते रहे हैं कि, टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल इंग्लैंड से बाहर करवाया जाना चाहिए। अब एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2027 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को होस्ट करने की इच्छा जता सकता है।भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करना चाहता है और इसके लिए बोली भी लगा दी है। बीसीसीआई ने ये मांग अरुण सिंह धूमल ने उठाई थी, जो अभी आईपीएल चेयरमैन पद पर भी विराजमान हैं।वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का सबसे पहला फाइनल 2021 में इंग्लैंड के हैम्पशायर में खेला गया था। उस खिताबी भिड़ंत में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दूसरा फाइनल 2023 में खेला गया, जिसकी मेजबानी लंदन स्थित द ओवल मैदान ने की थी। इस बार भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से हराया था।

## ओडिशा की बेटियों ने रचा इतिहास, खो-खो में महाराष्ट्र को हराकर जीता स्वर्ण

गया, 9 मई। बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में ओडिशा की लड़कियों ने एक जबरदस्त उलटफेर करते हुए खो-खो के अंडर-18 वर्ग में पावरहाउस महाराष्ट्र को रोमांचक मुकाबले में 34-31 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया वहीं ओडिशा के लड़कों को इसी वर्ग में महाराष्ट्र से 25-34 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बिपार्ड परिसर, गया में खेले गए फाइनल मुकाबले में समरनिका साहू (12 अंक) की कप्तानी में ओडिशा की टीम ने पिछड़ने के बावजूद जबरदस्त वापसी करते हुए मैच का पासा पलटा और इतिहास रच दिया। वर्ष 2024 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत जीतने वाली यह टीम इस बार अपने पदक का रंग सोने में बदलने में कामयाब रही।

## आर्सेनल को हराकर चैम्पियंस लीग के फाइनल में पहुंचा, इंटर मिलान से होगा खिताबी मुकाबला

नई दिल्ली, 9 मई। पेरिस सेंट-जर्मेन यानी पीएसजी ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उसका सामना इटैलियन क्लब इंटर मिलान से होगा।सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियमानलुईगी डोनारुम्मा के बेहतरीन प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई। पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस टॉप क्लब टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही ये कारनामा किया। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा कि, मैंने पहले दिन से कहा था कि हमारा लक्ष्य इतिहास बनाने की स्थिति में आने के लिए पर्याप्त मेहनत करना है। यही हमारा लक्ष्य है।

## जयपुर एलीट ने ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया



जयपुर, 9 मई। जेरथी फुटबॉल क्लब सीकर ग्राउंड, मानसरोवर जयपुर व चौगान स्टेडियम जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया अभी तक 66 मैच खेले जा चुके है।

**प्रथम मैच:-** जयपुर एलीट फुटबाल क्लब और ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच जयपुर एलीट फुटबाल क्लब ने 2/0 से शानदार जीत हासिल की । पहला हॉफ में 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ में एलीट क्लब ने 2 गोल करके ने मैच जीत लिया। पहला गोल महीपत ने 68, मिनट और लक्ष्य ने 70, मिनट पर गोल किया।

**दूसरा मैच :-** जेरथी फुटबाल क्लब सीकर और रॉयल के बीच खेला गया मैच रॉयल फुटबाल क्लब ने 1/0 से शानदार जीत हासिल की। रॉयल की तरफ से गोल अनुज ने 38, मिनट पर गोल किया।

**तीसरा मैच :-** ए एस एल फुटबाल क्लब और रियल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच ए एस एल फुटबाल क्लब ने 4/0 से शानदार जीत हासिल की । पहले हॉफ 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ में 4 गोल करके ए एस एल ने मैच जीत लिया । पहला गोल करण ने 68, मिनट, युवराज ने 79, मिनट पर, हर्ष 92, मिनट हिमांशु 95, मिनट पर गोल किए।

**चौथा मैच :-** सनराइज फुटबाल क्लब और जयपुर राइजिंग फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच सनराइज फुटबाल क्लब ने 5/2 से शानदार जीत हासिल की । जयपुर राइजिंग से पहला गोल प्रोसेनजीत ने 15, मिनट पर युधिष्ठिर 84, मिनट गोल किए, सनराइज की तरफ से मुकेश ने तीन गोल 36,53,36, मिनट पर किए। गणेश 70 ,रानू राणावत 84, मिनट में गोल किए । आगामी फुटबॉल लीग मैच 11 मई को खेले जाएंगे।

## निशानेबाजी : महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिली कांस्य पदक

नयी दिल्ली, 9 मई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया। यह जीत न केवल बिहार के खेल इतिहास में एक सुनहरा पन्ना जोड़ती है, बल्कि राज्य के युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान भी देती है। मुकाबले की शुरुआत से ही स्कोर बेहद करीबी रहा।